WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 05 मेरठ, रविवार 18 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




# उत्तराखंड के बाद अब उत्तर प्रदेश सरकार ने भी कावंड यात्रा को लेकर जारी किए आदेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद कांवड़ यात्रा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। बताया जा रहा है कि सरकार ने कांवड़ संघों से संवाद कर फैसला लिया है कि इस साल भी कोरोना महामारी के कारण कांवड़ यात्रा नहीं होगी। इससे पहले उत्तराखंड सरकार भी कावंड यात्रा कोरोना महामारी की वजह से रद्द कर चुकी है। एक दिन पहले ही देश की शीर्ष अदालत ने योगी सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। पिछले साल कांवड़ संघों ने सरकार के साथ बातचीत के बाद खुद ही यात्रा स्थगित कर दी थी। इस बार भी सरकार ने संघों की सहमति से ही यह फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी और पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल को कांवड़ यात्रा के मद्देनजर



दूसरे राज्यों से बातचीत करने के निर्देश दिए थे। हालांकि, यूपी सरकार चाहती थी कि इस बार कांवड़ यात्रा पर प्रतिबंध न लगे। बल्कि कोविड प्रोटोकॉल के तहत यात्रा निकाली जाए। मगर उत्तराखंड सरकार ने बाहर से आने वाले कांवड़ियों के राज्य में प्रवेश पर रोक लगा दी है।

**सुप्रीम कोर्ट ने लिया था स्वतः संज्ञान**

दरअसल, 13 जुलाई को योगी सरकार ने यूपी में 25 जुलाई से होने वाली कांवड़ यात्रा को मंजूरी दी थी। इसके लिए कोविड-19 प्रोटोकॉल के पालन की शर्त रखी थी। योगी सरकार के इस फैसले का सुप्रीम कोर्ट ने स्वतरू संज्ञान लिया था। सुनवाई के लिए 16 जुलाई यानी आज का दिन तय किया था। साथ ही केंद्र और यूपी सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था।


**उत्तराखंड सरकार पहले ही लगा चुकी है रोक**

कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तराखंड सरकार पहले ही रोक लगा चुकी है। 13 जुलाई को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांवड़ यात्रा स्थगित करने का आदेश दिया था। मुख्यमंत्री ने 22 जुलाई की सुबह से हरिद्वार की सभी सीमा सील करने का भी आदेश दिया है। इसमें यह बात भी साफ कही है कि कोई भी कावंड़िया हरिद्वार की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। अगर करता है तो उसके खिलाफ FIR दर्ज करने के साथ ही 14 दिन क्वारैंटाइन किया जाएगा। कांवड़ियों के वाहन सीज कर जब्त किए जाएंगे।

## साप्ताहिक बंदी के समय में परिवर्तन, प्रशासन ने जारी किये आदेश

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला मजिस्ट्रेट मेरठ के० बालाजी ने बताया कि शासनादेश दिनांक 11 जुलाई 2021 द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देषो के अनुपालन में जनपद मेरठ में पूर्व पारित आदेश दिनांक 20 जून 2021 में उल्लिखित शर्तो के अधीन गतिविधियां अनुमन्य किये जाने की समयावधि परिवर्तित करते हुये प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक, सोमवार से शुक्रवार तक शनिवार-रविवार साप्ताहिक बंदी कोरोना कर्फ्यू लागू रहेगा मास्क की अनिवार्यता, दो गज की दूरी व सेनेटाइजर के प्रयोग की शर्त के साथ गतिविधियां अनुमन्य किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। जिला मजिस्ट्रेट मेरठ के० बालाजी ने बताया कि पूर्व में शासनादेष दिनांक 19 जून 2021 द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदो में, उसमें उल्लिखित शर्तो के अधीन सोमवार से शुक्रवार तक शनिवार रविवार साप्ताहिक बंदी कोरोना कर्फ्यू लागू रहेगा प्रातः 07.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक गतिविधियां अनुमन्य की गयी थी।

## भाजपा प्रदेश पदाधिकारियो की सूची में मेरठ के चार और नेताओ को मिला स्थान



अमित अग्रवाल विनीत अग्रवाल शारदा



मोनिका चोधरी

मेरठ-भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह ने आज भाजपा प्रदेश के प्रकोष्ठ संयोजक ओर सह संयोजको की धोषणा की जिसमे मेरठ कैन्ट के पूर्व विधायक अमित अग्रवाल को निकाय प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया। वही व्यापारी नेता विनीत अग्रवाल शारदा को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया। मेरठ कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग में प्रोफेसर डा.मनोज सिवाच को प्रबुद्ध प्रकोष्ठ में सहसंयोजक बनाया गया है। वही महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने कंकरखेड़ा मॉडल टाउन निवासी मोनिका चौधरी कालहर को प्रदेश मंत्री बनाया है। मेरठ के सभी नेताओं को प्रदेश में जिम्मेदारी मिलने पर भाजपाइयों ने शुभकामनाएं दी।

## कब्रिस्तान में दो कब्र उखड़ी मिलने पर लोगो ने किया हंगामा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ के सरधना क्षेत्र में नंगला आर्डर रोड स्थित कब्रिस्तान में दो कब्रें उखड़ी मिली, जिससे लोगों में रोष फैल गया और उन्होंने हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया, इसके बाद लोग शांत हुए। लोगों ने एक महीने के भीतर दो बार कब्र उखाडे़ जाने को तांत्रिक की करतूत बताया। पुलिस ने जल्द घटना के खुलासे का आश्वासन दिया है। सरधना-नंगला आर्डर मार्ग पर वीर अब्दुल हमीद पार्क के बराबर में कब्रिस्तान में शुक्रवार सुबह लोगों ने दो कब्र उखड़ी हुई देखी। जिसमें एक शव को कब्र से बाहर निकालने के बाद दोबारा से कब्र में फेंक दिया गया। यह कब्र मोहल्ला घोसियान निवासी नाजिम पुत्र शरीफ की थी।



जिसकी एक माह पूर्व बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसी के बराबर में दूसरी कब्र भी खुदी मिली, लेकिन वह पुरानी कब्र थी। इसमें शव नहीं मिल सका, जिसे कब्र को खुला छोड़ दिया। सूचना पर पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी, अलीशाह, शाहवेज समेत तमाम लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने कब्र को उखाडे़जाने का शक किसी तांत्रिक पर जताया। लोगों का कहना है कि एक माह पूर्व भी कब्र उखाड़कर एक महिला का शव निकाला गया था। उस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार ने जल्द ही घटना के खुलासे का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सरधना में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** तहसील सरधना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी के० बालाजी ने प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक ढ़ग से व समय सीमा अंतर्गत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 31 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिनके समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। जिलाधिकरी ने कहा कि आमजन की षिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त अन्य षिकायतों में चकरोड, भूमि व नाला से अवैध कब्जा हटाने, भूमि की पैमाईष कराने



सहित 31 शिकायतीध्प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिलाधिकारी ने सभी को आष्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिष्चित करायी जायेगी। इस अवसर पर एसएसपी प्रभाकर चौधरी, जिला वन अधिकारी राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त सुभाष चन्द्र प्रजापति, उप जिलाधिकारी सरधना अमित कुमार भारतीय सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश में अब जींस-टीशर्ट पहनकर दफ्तर आने पर लगी रोक

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश के विधानसभा सचिवालय में अब जींस टीशर्ट पहनकर प्रवेश करने पर रोक लग गई है। इस संबंध में आदेश भी जारी हो गया है। आदेश में कहा गया है कि कोई भी अफसर या कर्मचारी जींस और टीशर्ट पहनकर दफ्तर नहीं आएगा। यदि कोई कर्मचारी



इस तरह के पहनावे में दफ्तर आया तो उसे गेट पर ही रोक लिया जाएगा। विधानसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव नरेंद्र कुमार मिश्र की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि सभी अधिकारी व कर्मचारी सचिवालय की गरिमा के अनुरूप कार्यालय अवधि में औपचारिक पोशाक ही पहनें। इस निर्देश का सभी अधिकारी और कर्मचारी सख्ती से पालन करें। दरअसल, पिछले कुछ दिनों में यह देखने में आ रहा था कि यूपी सचिवालय में अधिकारी और कर्मचारी अपने मन-माफिक कपड़े पहनकर कार्यालय पहुंच रहे थे। कर्मचारी जींस और टी-शर्ट पहनकर भी सचिवालय आ रहे थे। इससे अनुशासन नहीं झलक रहा था। इसी को देखते हुए अब नया नियम सचिवालय में जारी किया गया है। अगस्त से विधानसभा के मानसून सत्र शुरू होने की उम्मीद है, ऐसे में पिछले दिनों सभी विधायकों के लिए टीकाकरण अनिवार्यता के लिए निर्देश दिया गया था।


## सड़क हादसे में युवक की मौत

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में हाईवे स्थित दुल्हैड़ा चुंगी चौकी के पास शुक्रवार देर रात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। रात करीब देर रात दो बजे मुजफ्फरनगर की तरफ से आ रहे किसी वाहन ने युवक को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद काफी देर तक तक युवक का शव हाईवे किनारे पड़ा रहा। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक की पहचान का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवाया। पल्लवपुरम कार्यवाहक थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की पहचान नहीं हो सकी है। शिनाख्त के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## दिव्यांग पेंशन के पुराने लाभार्थी पोर्टल पर करें आधार कार्ड व मोबाईल नम्बर अपडेट

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अनिल कुमार ने जनपद के दिव्यांगजनों को सूचित करते हुये बताया कि जिन दिव्यांगजनों द्वारा दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान दिव्यांग पेंशन योजना कुष्ठावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु लाभार्थियों द्वारा एकी त सामाजिक पेंशन पोर्टल www-sspy&up-gov-in पर आवेदन किया जाता है, जिसमें आवेदन करते समय लाभार्थी को स्वयं का मो0 नं0 तथा आधार कार्ड संख्या के साथ-साथ अन्य विवरण भी उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होता है। उन्होने कहा कि परन्तु कतिपय कारणों वश लाभार्थी का मोबाईल नम्बर बदल जाने तथा आधार कार्ड सत्यापित न होने के कारण पोर्टल पर उनका विवरण अपूर्ण रह जाता है। उक्त कठिनाई को ष्टिगत रखते हुए पोर्टल पर आधार कार्ड की शत-प्रतिशत सीडिंग किये जाने हेतु पुराने लाभार्थियों को अपना मोबाईल नम्बर पंजीकृत करने तथा पंजीकरण के उपरान्त अपना आधार कार्ड संख्या सत्यापित करने हेतु विभाग द्वारा पोर्टल पर सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। उन्होने सभी दिव्यांगजनों से अपेक्षा की है कि एकी त सामाजिक पेंशन पोर्टल www-sspy&up-gov-in पर पुराने लाभार्थी अपना आधार कार्ड संख्या व मोबाईल नम्बर पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें।

## शोभित विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय , मेरठ के विभाग स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूश्न्ल स्टडीज, के असिस्टेंट प्रोफेसर मिस महक बत्रा, एवं मौहम्मद आमिर द्वारा सयुक्त रूप से 5 दिवसीय आयोजित कार्यशाला का आज समापन किया गया जिसका विषय था ष् बौद्धिक संपदा अधिकार भविष्य की संभावनाएं और चुनौतियां. मिस महक बत्रा ने बौद्धिक संपदा अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मोहमद आमिर द्वारा भौगोलिक सांकेतिक चिन्हो के बारे में जानकारी दी गयी तथा भविष्य में क्या चुनौतियाँ है और क्या सम्भावनाये है को विस्तार से बताया । कार्यशाला के दौरान स्कूल ऑफ लॉ एंड कंस्ट्यूटयूशनल स्टडीज विभाग के एसोसिएट डीन डॉ मोहम्मद इमरान एवम सभी शिक्षक मौजूद रहे ।

## कोरोना योद्धाओं के कारण ही हम इस महामारी की दोनों लहर से विजय प्राप्त कर सकें हैः डा राजीव गुप्ता

### ❑ मेरठ दर्पण के उपसम्पादक हुए सम्मानित



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** युवा चेतना मंच बसौद के तत्वावधान में गाँव बसौद में 164 वें शहादत दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ,सहायिकाओं ,आशाओं, संगिनी, ए. एन. एम, चिकित्सकों और पत्रकारों को कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मां अम्बा बालिका डिग्री कालिज ग्वालीखेडा के प्राचार्य डॉ राजीव गुप्ता ने कोरोना योद्धाओं को सम्मान प्रतीक भेंट कर बधाई देते हुए कहा कि कोरोना काल में जिन योद्धाओं ने अपने जीवन को दाव पर लगाकर जनसेवा कि है वह निश्चित कोरोना योद्धा सम्मान के काबिल है, चिकित्सक, पत्रकारों का कोरोना काल में विशेष योगदान रहा है, वो सब सम्मान के पात्र हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेशनल अवार्ड प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन ने की और बसौद के इतिहास को दोहराते हुए शहीदों श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच संस्थापक मास्टर सत्तार अहमद ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया ओर कहा कि आज कोरोना जैसी महामारी से हम इन योद्धाओं के कारण ही विजय प्राप्त कर पाये है। कार्यक्रम का संचालन युवा चेतना मंच के महासचिव समीर अहमद ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डा. ललित शर्मा, रविता तोमर, समाजसेविका गुलिस्ताँ मुमताज , संपादक रोजुदीन त्यागी, वरिष्ठ पत्रकारों में विवेक जैन, अमित शर्मा, मो. आरिफ, गफ्फार खां, प्रदीप यादव, दीपक शर्मा, संजीव शर्मा, रोबिन यादव, अनुज यादव, गुलजार आलम, डा.असलम, डा. रिजवान, नरेश, सुनील, डा. शमसाद, आदिल, ऋषभ, अखंड , सुदेश, अनीता, पूनम, कुसुम, आदि रहे।

## रालोद किसान मजदूरों का सच्चा हितैषीः सुभाष गुर्जर

**मेरठ दर्पण-बिनौली।** फतेहपुर पुट्ठी गांव में गुरुवार को रालोद की सभा हुई। जिसमें वक्ताओं में भाजपा सरकारों को किसान विरोधी बताया। सभा मे पूर्व विधायक डॉ. अजय तोमर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही हैं। जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह तेवतिया ने कहा कि पंचायत चुनाव में शासन प्रशासन ने सत्ता का दुरुपयोग किया। पूर्व प्रमुख एवं जिला पंचायत सदस्य सुभाष गुर्जर ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की नीतियों से किसान मजदूरों का हित हो सकता है। रालोद किसानों के हको की मजबूती से लड़ाई लड़ रहा है।



सभा मे नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष पति जयकिशोर एवं रालोद पदाधिकारियों को ग्राम प्रधान मंजू तोमर ने शाल व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। बाबूराम की अध्यक्षता व हरेंद्र सिंह के संचालन में हुई सभा मे सुरेश मलिक, अलबेल सिंह, केपी सिंह, विकास प्रधान, पवन प्रधान, मंजू प्रधान, कृष्णपाल, देशपाल तोमर, ब्रजपाल, लोकेंद्र, पालू ठेकेदार, मास्टर रघुनाथ, रामकिशन, रामपाल, महिपाल, हरख्याल, नरेंद्र त्यागी आदि मौजूद रहे।

## 20 जुलाई तक वृद्ध एवं विपन्न कलाकार मासिक पेंशन हेतु करें आवेदनः जिलाधिकारी के. बालाजी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी ने बताया कि वृद्ध एवं विपन्न कलाकारो को मासिक पेंषन रू0 2000- प्रतिमाह दिये जाने हेतु ऐसे प्रख्यापित कलाकार जिन्होने संबंधित कला विधाध्क्षेत्र में न्यूनतम 10 वर्षो तक कला प्रदर्षन किया हो तथा जिनकी आयु 60 वर्ष से कम न हो तथा आय रू0 24 हजार प्रतिवर्ष से अधिक न हो से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2021 है। जिलाधिकारी के0 बालाजी ने बताया कि वृद्ध एवं विपन्न कलाकार का आय का प्रमाण पत्र तहसीलदार द्वारा प्रमाणित होना चाहिए तथा आयु के प्रमाण हेतु हाईस्कूल का प्रमाण पत्र या मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र मान्य होगा। उन्होने बताया कि आवेदन पत्र आवष्यक प्रमाण पत्रों के साथ उनके कार्यालय या जिला सूचना अधिकारी कार्यालय से संस्तुतध्अग्रसारित कराकर संस्ृ ति निदेषालय, उ0प्र0 नवम् तल, जवाहर भवन लखनऊ पिन कोड-226022 में जमा किये जायेंगे। उन्होने बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाईट http://upculture-up-nic-in संस्कृति निदेशालय उ0प्र0 नवम् तल, जवाहर भवन लखनऊ से प्राप्त किये जा सकते है।

### वेंक्टेश्वरा मानद दीक्षांत समारोह

## प्रख्यात रचनाकार दिनेश रघुवंशी समेत देश की तीन नामचीन हस्तियां हुई मानद पीएचडी डाक्ट्रेट उपाधि से विभूषित




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में आयोजित मानद दीक्षांत समारोह'' में प्रख्यात राष्ट्र कवि डॉ0 दिनेश रघुवंशी समेत तीन नामचीन हस्तियों को ''मानद पी0एच0डी0 उपाधि'' से सम्मानित विभूषित किया गया। इसके साथ ही प्रख्यात कवि दिनेश रघुवंशी ने ''एकल काव्य पाठय'' द्वारा उपस्थित जनसमूह को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। वेंक्टेश्वरा संस्थान के डॉ0 सी0वी0 रमन सभागार में आयोजित ''मानद उपाधि समारोह'' का शुभारम्भ वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 पी0के0 भारती आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों में लोगो की मदद करने पर्यावरण संरक्षण एवं मनोरंजन, खेलो के बढावा देने एवं महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले आज इन तीन हस्तियों को सम्मानित करते हुए विश्वविद्यालय गौरान्वित महसूस कर रहा है। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय हमेशा देश व समाज के लिए निस्वार्थ भाव से उललेखनीय काम करने वालो को मंच से सम्मानित करता आया है। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने मानद उपाधियो से सम्मानित किये जा रहे तीनो अतिथियों द्वारा देश एवं समाज के लिए उनके द्वारा किये गये शानदार कार्यो का ब्योरा देते हुए कुलसचिव एवं कुलपति की अनुशंसा पर कुलाधिपति डॉ0 सुधीर गिरि के साथ उनको ''पी0एच0डी0 की मानद उपाधि'' से विभूषित किया। मानद दीक्षांत समारोह के बाद ''एकल काव्य पाठय'' का धमाकेदार आगाज राष्ट्रकवि श्री दिनेश रघुवंशी ने कुछ ऐसे किया कि- ''मेरी आँखों का तारा ही मुझे आँखे दिखाता है, जिसे हरेक खुशी दे दी। जिसे हरेक खुशी दे दी, वो हर गम से मिलाता है, सुनाकर माँ की पीड़ा को बयां किया। देश के किसानो एवं जवानो की पीड़ा को यूं व्यक्त किया, हमेशा तन गया आगे, जो तोपो के दहानो के।। कोई कीमत नहीं होती क्या प्राणो की जवानो के, बड़े लोगो की औलादे तो कैण्डिल मार्च करती है, जो अपने प्राण देते है, वो बेटे है किसानो के, सीमा पर डटे जवान के लिए देशभक्ति क्या होती है, कहा। मै अपने हर तराने में हमेशा गाऊँगा तुझको, वहां सीमा पे आप साथ लेकर जाऊँगा तुझको, है तन में साँस जबतक भी, तिरंगे है कसम तेरी, लिपटकर आऊँगा तुझमे या फिर लहराऊँगा तुझको। कुलसचिव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विम्स के वरिष्ठ सलाहकार डॉ0 आर0एन0 सिंह, डायरेक्टर प्रिंसिपल ङब्रिगे0ऋ डॉ0 सतीश अग्रवाल, परिसर निदेशक डॉ0 प्रभात श्रीवास्तव, उपनिदेशक दूरस्थ शिक्षा अलका सिंह, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 सी0पी0 कुशवाह, डॉ0 ऐना ब्राउन, अरूण गोस्वामी, अंजलि शर्मा, प्रीतपाल एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# सुभारती एनएसएस एवं सुभारती लॉ कॉलिज ने ग्राम सतवाई में लगाया निःशुल्क विधिक शिविर

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्याल की राष्ट्रीय सेवा योजना समिति द्वारा सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलिज के नि:शुल्क विधिक सहायता केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क विधिक सेवा कैम्प का आयोजन ग्राम सतवाई, जिला मेरठ में किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम सतवाई के पूर्व प्रधान श्री सतबीर सिंह जी के गृह प्रांगण में मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र सिवालखास मेरठ के भाजपा विधायक श्री जितेन्द्र पाल सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुभारती लॉ कॉलिज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.मनोज कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि श्री जितेन्द्र पाल सिंह का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री जितेन्द्र पाल सिंह ने सुभारती विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलिज के नि:शुल्क विधिक




सहायता केन्द्र द्वारा समाज उत्थान में किये जा रहे उत ष्ट कार्यो की सरहाना की। उन्होंने कहा कि विधिक जागरूकता प्राप्त करना हर नागरिक का अधिकार है और न्याय को सर्वसुलभ बनाकर जिस प्रकार जनमानस को सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा लाभान्वित किया जा रहा है यह बड़ा सराहनीय कार्य है। उन्होंने विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सुभारती लॉ कॉलिज को धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सुभारती लॉ कॉलिज द्वारा जब भी क्षेत्र में इस प्रकार का विधिक सेवा कैम्प लगाया जाएगा इसके लिये वह अपने स्तर से पूरा सहयोग करेंगे। पत्रकारिता संकाय के प्राचार्य एवं सुभारती एन.एस. एस के समन्वयक डा. नीरज कर्ण सिंह द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की आवश्यकता एवं इसके महत्व से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम वासियों को विभिन्न प्रकार की राष्ट्रीय योजनाओं के साथ-साथ उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता की भावना से देशहित में कार्य कर रहा है और राष्ट्रीय सेवा योजना समिति द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की जनता को जागरूक करके उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा हैं। डा. मनोज कुमार त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज के असहाय वर्ग को नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान करना सुभारती लॉ कॉलिज का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि नि:शुल्क विधिक सहायता भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39-। द्वारा समाज के असहाय, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लिए, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए अनिवार्य रूप से प्रावधानित है। डॉ. आशुतोष गर्ग एसोसिएट प्रोफेसर सुभारती लॉ कॉलिज ने लोगों को संविधान में प्रदत्र विभिन्न मौलिक अधिकारों जैसे कि समानता, न्याय, व्यापार वाणिज्य की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी आदि के विषय में बताया। मिस शालिनी गोयल द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता क्या है, किसके लिए है और कैसे प्राप्त की जा सकती है विषय पर लोगों को जानकारी दी। नि:शुल्क विधिक सहायता के लिए ऐसे सभी व्यक्ति पात्र हैं, जिनकी वार्षिक आय रू. 1,00,000-६ से कम है, या अनुसूचित जाति या जनजाति के सदस्य, बालश्रम के लिए, यौन-अपराधों के लिए पीड़ित व्यक्ति स्वामी विवेकान्द सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलिज में स्थित नि:शुल्क विधिक सहायता केन्द्र से प्रतिदिन अर्थात सोमवार से शनिवार प्रात: 08:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक ले सकते है। कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ मीडिया प्रभारी अनम शेरवानी, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. पल्लवी, राहुल सिरोही आदि उपस्थित रहें।

## जीआरपी में तैनात मुजफ्फरनगर के सिपाही की बुलंदशहर में सड़क हादसे में मौत, परिवार में कोहराम

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** ढांसरी निवासी सिपाही की सड़क हादसे में मौत हो गई सिपाही की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक का गांव में अंतिम संस्कार किया गया।जानकारी के अनुसार ककरौली थाना क्षेत्र के गांव ढांसरी निवासी रविंदर बसोया की बुलंदशहर में सड़क हादसे में मौत हो गयी। रविन्द्र 2011 में बिजनौर जनपद से उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुआ था। हाल में रविन्द्र बुलंदशहर जनपद के थाना डिबाई में तैनात था, जहां से उसका स्थानांतरण जीआरपी पुलिस में हुआ था। बुलंदशहर जाते समय रविंद्र की सड़क हादसे में मौत हो गयी। मृतक के शव को गांव में लाया गया, जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। सिपाही की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक की पत्नी विद्या पुत्र अंकित, अंकुर जीत, माता सतपाली पिता महक सिंह का रो रो कर बुरा हाल है।

## एसडीएम ने दिखाई दरियादिली, दिव्यांग को दी ट्रायसाइकिल, बंद पड़े शौचालयों को भी खुलवाया



**मेरठ दर्पण-शामली।** जनपद की कलेक्ट्रेट में एसडीएम देवेन्द्र कुमार की दरियादिली देखने को मिली है। जहां कलेक्ट्रेट में कार्यरत एक दिव्यांग संविदा कर्मी को बिना ट्रायसाइकिल के देख उन्हें बड़ा दुख पहुंचा तो उन्होंने उस दिव्यांग कर्मी के लिए तुरंत एक ट्राई साइकिल की व्यवस्था की और वह ट्राईसाईकिल उसे उपहार स्वरूप भेंट करते हुए उसका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। वहीं दूसरी ओर कलेक्ट्रेट में लगातार शौचालयों के बंद होने की शिकायतों को भी गंभीरता से लेते हुए सभी शौचालयों को खुलवा दिया है। एसडीएम द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की चहुंओर प्रशंसा की जा रही है। आपको बता दें कि जनपद की कलेक्ट्रेट में शनिवार को एसडीएम देवेन्द्र कुमार ने मानवता का परिचय देते हुए कलेक्ट्रेट में कार्यरत दिव्यांग संविदा कर्मी निशांत को एक ट्राईसाईकिल उपहार स्वरूप भेंट की और फूलमाला पहनाकर उसका स्वागत किया। वहीं दूसरी ओर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कलेक्ट्रेट में बने सभी शौचालयों को भी एसडीएम ने खुलवाया गया। एसडीएम देवेंद्र कुमार ने बताया कि शुरू से ही उन्हें समाज सेवा करना पसंद है उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट में लगातार शौचालय बंद होने की शिकायतें मिल रही थी और जो शौचालय खुले हुए थे उनमें भी साफ-सफाई का अभाव था। जिसे देखते हुए आज उन्होंने कलेक्ट्रेट में बने सभी शौचालयों को खुलवाया। जिनमें साफ-सफाई और छोटी मोटी टूट फूट संबंधी कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले अपना घर ठीक होना चाहिए इसी की तर्ज पर उन्होंने सबसे पहले कलेक्ट्रेट में काम करने वाले दिव्यांग संविदा कर्मी निशांत को ट्राईसाईकिल दी है। एसडीएम देवेंद्र कुमार द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की शहर में चारों ओर प्रशंसा की जा रही है।

## तहसील दिवस में सुनी गयी जन समस्याएं, दर्जनों समस्याओं का अधिकारियों ने मौके पर किया निस्तारण



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में आज शासन के दिशा निर्देशानुसार पहले शनिवार व तृतीय शनिवार को तहसील दिवस आयोजित किया जा रहा है जिसमें शहरी क्षेत्र व देहात क्षेत्र के लोगों की जो भी समस्याएं होंगी उनका निवारण किया जाएगा। आज जनपद में चार तहसीलों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें खतौली तहसील पर जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे समेत कई अधिकारियों ने जनसमस्याएं सुनी। सदर तहसील में सीडीओ आलोक यादव, एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर व पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठकर शहरी व देहात क्षेत्रों के पीड़ितों की जन समस्याएं सुनी और उनका निवारण किया। जिसमें एक पीड़ित परिवार ने बताया कि एक सरकारी नाली है जो मेरे खेत के बीच से निकल रही है उसका सारा बरसात का पानी मेरे खेत में इकट्ठा हो जाता है जिससे फसल खराब हो जाती है मैं कई बार अपनी समस्या लेकर आला अधिकारी के पास आ चुका हूं लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। पीड़ित द्वारा बताया गया कि प्लाट की जगह को पटवारी ने कब्रिस्तान कि जगह बता दिया है। इस बाबत एसडीएम से पुछा गया तो एसडीएम सदर दीपक कुमार ने बताया कि इन समस्याओं के लिए एक जांच कमेटी गठित कर दी गई है जो जल्दी ही जांच रिपोर्ट सौपेंगी और उसके उपरांत ही कार्रवाई होगी और पुलिस प्रसासनिक अधिकारियों ने दर्जनों पीड़ितों की जन समस्याओं का निवारण किया। इस अवसर पर तहसील दिवस में सीडीओ आलोक यादव,एसडीएम सदर दीपक कुमार, सदर तहसीलदार, सीओ सदर, बीडीओ डश्वक्टर नेहा शर्मा सहित पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## मुजफ्फरनगर में खेत में पानी चला रहे फौजी की विद्युत करंट लगने से दुखद मौत

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव धीराहेड़ी में छुट्टी पर घर आये फौजी की खेत मे पानी चलाते समय नलकूप के करंट से दर्दनाक मौत हो गयी। फौजी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस से शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। फौजी की असमय मौत से गांव में शोक का माहौल है। भोपा थानाक्षेत्र के गांव ध ीराहेड़ी निवासी सुमित राठी पुत्र श्यामलाल फौज में तैनात था। वह लगभग 10 दिन पहले घर पर छुट्टी आया हुआ था। शनिवार सुबह वह अपने खेत पर पानी चला रहा था, तभी किसी कारण से नलकूप बंद हो गया। वह जाकर नलकूप का मोटर चेक करने लगा, जैसे ही उसने मोटर चेक करने के लिए मोटर पर हाथ लगाया, तो उसे तेज करंट का झटका लगा, जिससे वह वहीं बेहोश होकर



गिर पड़ा। खेत पर काम कर रहे आसपास के किसानों ने मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को भोपा सीएचसी पर लेकर आए, जहां पर चिकित्सकों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मृतक फौजी सुमित राठी लगभग 10 वर्ष पूर्व फौज में भर्ती हुआ था। वह काफी मिलनसार स्वभाव का युवक था। युवक की मौत से युवक की मां चंद्रवती भाई उमेश, व रमेश और पत्नी शालू का रो-रो कर बुरा हाल है। मासूमों के सिर से उठा पिता का सायारू मृतक सुमित राठी की शादी लगभग 8 वर्ष पूर्व शालू के साथ हुई थी, जिससे उसे 5 वर्षीय पुत्री अदिति व 3 वर्षीय पुत्र अभिनव है। पिता की मौत से मासूम के सिर से पिता का साया उठ गया है। फौजी की मौत से गांव में शोक का माहौल है व गांव में किसी भी घर में चूल्हे नहीं जले हैं।

# 36 घंटो से विद्युत आपूर्ति बंद, गुस्साए लोगों ने किया महावीर चौक जाम








**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** शहरी क्षेत्र में कई दिनों से बाधित चल रही विद्युत आपूर्ति को लेकर गुस्साए लोगों ने आज शहर के सबसे व्यस्त चौराहे पर जाम लगा दिया। आपको बता देगी शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति कई दिनों से बाधित चल रही है। जिस पर गुस्साए लोगों ने महावीर चौक पर जाम लगा दिया। उनका साथ देने के लिए भारतीय किसान यूनियन के कुछ पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। महावीर चौक बिजलीघर से जुड़े इलाकों में सुबह से बंद होने के विरोध में शनिवार की देर रात्रि गुस्साए लोगों ने बिजलीघर पर पहुंच कर हंगामा कर दिया। बिजलीघर पर मौजूद अधिकारियों का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की। इतना ही नहीं गुस्साए लोगों ने महावीर चौक पर जाम लगा दिया। हंगामे और जाम की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं शहर के मोहल्ला खालापार में करीब 30 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। 33 केवीए का तार टूटने के कारण शहर के चार फीडर से सप्लाई प्रभावित बनी हुई है। शनिवार की देर रात्रि 33 हजार केवी का तार जोड़कर सप्लाई को शुरू किया गया, लेकिन मूलचन्द रिसोर्ट के समीप एक जम्फर फट गया। जिस कारण महावीर चौक, टाउन हाल रोड और नुमाईश कैम्प आदि बिजलीघर बंद हो गए। खालापार मोहल्ले में शुक्रवार की शाम 4:30 बजे से बिजली नहीं है। बिजली अधिकारियों ने बताया कि 33केवी महावीर चौक की लाइन होल्ड हो गयी है। परंतु लोड अभी भी बहुत ज्यादा है, अत: सुजडू व खालापार फीडर 11:00 बजे तक लग पाएंगे।

## एसएसपी अभिषेक यादव के प्रयास से पुलिस लाइन में लाइब्रेरी शुरू



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के प्रयासों से मुजफ्फरनगर पुलिस लाइंस में यूपी की पहली आदर्श लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। इसके लिए चारों ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव को बधाइयां प्राप्त हो रही हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि मुजफ्फरनगर पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों व उनके परिवारजन के लिए विशेष रुप से बनाये गये पुलिस लाइब्रेरी एवं पुस्तकालय–का उद्‌घाटन हेड कांस्टेबल राजेश कुमार की सुपुत्री कक्षा तीन की छात्रा कुमारी प्र ति द्वारा किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक यादव ने बताया कि मुजफ्फरनगर पुलिस लाइंस में स्थापित की गई पुलिस लाइब्रेरी एवं पुस्तकालय पूर्णत: वातानूकूलित है तथा यहां बैठ कर पढ़ना निशुल्क है। दैनिक समाचार पत्र व प्रमुख मासिक पत्रिकाएं उपलब्ध रहेंगी। पुलिसकर्मी या उनके परिवारजन जो प्रतियोगी परीक्षाओं यूपीएससी, एसएससी, एनडीए, पीसीएस, सीडीएस, एएफसीएटी, टीईटी, आदि आदि की तैयारी कर रहे है उनके लिए पुस्तकें उपलब्ध है एवं पुलिस लाइब्रेरी ऐसे विद्यार्थियों के लिए बहुत ही कारगर सिद्ध होगी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि हिन्दी व अंग्रेजी भाषा के प्रमुख उपन्यास, आध्यात्म, जीवनी तथा प्रेरणादायक पुस्तके उपलब्ध है। बच्चों के लिए कक्षा प्रथम से इण्टरमीडियेट तक पुस्तकें उपलब्ध है। ऑनलाइन पढाई करने के लिए पुस्तकालय में 04 कम्प्यूटर है जो इंटरनेट से कनेक्टिड है। यदि कोई पुलिसकर्मी पुस्तक मंगवाना चाहता है जो पुस्तकालय में मौजूद नही है तो वह मांग के आधार पर उपलब्ध करायी जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार पुस्तकालय में बैठकर पढना तथा 01 घण्टे तक कम्प्यूटर का प्रयोग करना निशुल्क है। पुलिसकर्मी या उनके परिजन यदि पुस्तक को घर पर ले जाकर पढना चाहते है तो उन्हे सिर्फ 50 रुपये में मेम्बरशिप कार्ड मिलेगा जो 01 महीने तक वैध है।

## खतौली में तीन दिन पहले गंग नहर में डूबने वाले युवक का शव बरामद



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** माँ की डांट से नाराज हो पर युवक ने खतौली गंगनहर में युवक ने छलांग लगा दी थी। शव बरामद। खतौली थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले नौना निवासी सोनू पुत्र मांगेराम माँ की डाट से नाराज होकर गंगनहर मे कूद गया था सोनू के परिजन व प्रशासन तीन दिन से लगातार सोनू के शव को तलाश कर रहे थे देर रात 44 पी. ए. सी. वाहिनी ने सोनू के शव को ढूढ़ लिया गश्वव वालो के अनुसार सोनू के दो बच्चे भी है जिनकी लगभग पांच वर्ष व तीन वर्ष है शव को देखकर परिजनों मे हाहाकार मच गया

## शनिधाम पर कढी चावल का प्रसाद वितरित



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** प्रवीण उपाध्याय महानगर सचिव समाजवादी पार्टी के सौजन्य से शनि धाम मंदिर पर कढ़ी चावल का भोग लगाया गया और प्रसाद वितरण किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महानगर महामंत्री श्री शलभ गुप्ता एडवोकेट विशिष्ट अतिथि मुकेश वशिष्ठ उपाध्यक्ष प्रबुद्ध सभा रहे सर्वप्रथम शनि भगवान का भोग लगाया गया और फिर उसके बाद भक्तों को कड़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया। शलभ गुप्ता एड ने कहां की समाजवादी पार्टी हमेशा धर्म के कार्यों मै बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी करती है यकीनन 2022 मै भगवान शनि देव के आशीर्वाद से उत्तर प्रदेश मै समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव जी मुख्यमंत्री बनेंगे। वितरण करने वालों में अनु शर्मा अनिरुद्ध बालियान नगर अध्यक्ष छात्र सभा, शुभम शर्मा हिमांशु शर्मा रोहित उपाध्याय,सुनील रावत, जोहनी,अंकित गोयल,हिमांशु जैन,दिनेश रावत,अंकित ,विशाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों की समस्याओं के समाधान की मांग

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में व्यापारिक समस्याओं के निराकरण की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि आपके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में देश की सबसे अधिक आबादी वाला प्रदेश ट्रैक, ट्रेस, ट्रीटमेंट के सूत्र से कोरोना की दूसरी लहर को पछाड़ चुका है।इसके लिए आप बधाई एवम अभिनंदन के सुपात्र हैं। किन्तु कोरोना की दो लहरों के इस भयावह 16 माह के कोरोना काल मे अधिकांश व्यापारियों के व्यापार पर अत्यंत जटिल दुष्प्रभाव पड़े हैं, अधिकांश छोटा व्यापारी रोज कमाकर गुजारा करने वाला है। प्रदेश में दोनों कोरोना की दोनों लहरों मे कोरोना कर्फ्यू के समय का भी विद्युत बिल विद्युत विभाग ने लिया हैआपसे पुरजोर निवेदन है कोरोना काल के दोनों बार के बंदी के समय के 3 –3 माह का फिक्स चार्ज समाप्त कराया जाय, जनपद मुजफ्फरनगर की विद्युत आपूर्ति फिलहाल चरमराई हुई है, इसे दुरूस्त कराया जाय। व्यापारी ने भी कोरोना काल मे अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर, विभिन्न तरीकों से सरकार एवम समाज का सहयोग करने में अहम भूमिका निभाई, व्यापारियों को भी कोरोना वारियर की तरह सम्मान दिया जाय, एवं कोरोना से मृत व्यापारियों के परिजनों को 20 लाख अनुग्रह राशि दी जाय। वर्तमान पेंशन योजना सर्वाग्रही नहीं है,40 वर्ष से अधिक आयु का व्यापारी इसका लाभ नहीं उठा सकता, पेंशन की राशि भी अत्यंत अल्प है जो कि आयु अनुसार 20 से 42 साल बाद मिलनी आरम्भ होगी तब तक अवमूल्यन होकर यह राशि अत्यंत अल्प हो जायेगी, व्यापारी पेंशन योजना का पुनर्निर्धारण कराकर, सर्वाग्रही तथा अधिक उपयोगी बनाया जाय। वर्तमान में कोरोना प्रदेश से लगभग समाप्त हो चुका है, अब सप्ताहांत दो दिन का कोरोना कर्फ़्यू समाप्त कर दिया जाय, शादी विवाह के आयोजन में अतिथियों की संख्या बढ़ाकर अनुमति प्रदान की जाय। इन्हीं आशा व विश्वास के साथ कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था व आपूर्ति व्यवस्था की अवैतनिक रीढ़ व्यापारियों के साथ आप अत्यंत सहानुभूति पूर्ण निर्णय उपरोक्त न्यायोचित मांगों, सुझावों पर लेंगे। नगर अध्यक्ष अजय सिंघल ने यह पत्र लिखा।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने **'मेरठ दर्पण'** न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक– अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845** फोन 9897419837 **Email : mrtdarpan@gmail.com**
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।